## सीडब्ल्यूजी 2018: वेटलिफ्टिंग में मीरा बाई ने भारत की झोली में डाला पहला स्वर्ण पदक

नई दिल्ली (आरएनएस)। 21वें कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के पदक का खाता खुल चुका है। वेटलिफ्टर गुरु राजा के बाद भारत की मीरा बाई चानू ने महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

मीरा बाई चानू ने स्नैच और क्लिन एंड जर्क में कुल 196 किग्रा उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। मीराबाई चानू ने महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में 86 किग्रा उठाकर अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 2014 ग्लास्गो कॉमनवेल्थ खेलों में चानू ने 48 किलो वर्ग में देश के लिए रजत पदक जीता था। बता दें कि मीरा बाई चानू भारत की ऐसी दूसरी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यूएसए में आयोजित विश्व स्तर के भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। 2017 में चानू ने 48 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लेते हुए 194 किग्रा का भार उठाया था। उन्होंने पहले 85 किग्रा (स्नैच में) और फिर 109 किग्रा भार (क्लीन और जर्क में) उठाया और भारत को स्वर्ण पदक लाकर दिया। आपको बता दें कि इससे पहले 22 साल पहले 1994 और 1995 में कर्नाम मालेश्वरी ने स्वर्ण पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल खेल में खुला भारत का खाता, गुरुराजा ने वेटलिफ्टिंग में जीता सिल्वर मेडल

गोल्ड कोस्ट (आरएनएस)। गुरुराज ने 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को पहला पदक दिला दिया है। उन्होंने भारोत्तोलन में 56 किलोग्राम भारवर्ग में गुरुवार को रजत पदक पर कब्जा जमाया। गुरुराज ने स्नैच में 111 का स्कोर किया तो वहीं क्लीन एंड जर्क में 138 का स्कोर किया। उन्होंने कुल 249 का स्कोर करते हुए पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण मलेशिया के मुहामेद इजहार अहमद हाजालवा के नाम रहा। उन्होंने कुल 261 का स्कोर किया। उन्होंने स्नैच में 117 का स्कोर किया जो एक नया गेम रिकार्ड है। इस मामले में उन्होंने नई दिल्ली में 2010 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में अपने हमवतन इब्राहिम द्वारा स्थापित किए रिकार्ड को ध्वस्त किया। क्लीन एंड जर्क में मलेशियाई खिलाड़ी ने 144 का स्कोर किया। स्पर्धा में कांसा श्रीलंका के चाटुरंगा लकमल के नाम रहा। उन्होंने स्नैच में 110 और क्लीन एंड जर्क में 134 का स्कोर किया।

## रिलायंस ने संजय निरुपम को भेजा 1,000 करोड़ की मानहानि का नोटिस

मुंबई (आरएनएस)। अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह ने मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष संजय निरुपम को 1,000 करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा है. कंपनी बंबई उच्च न्यायालय में निरुपम के खिलाफ मानहानि की याचिका भी दायर करने जा रही है. मुंबई कांग्रेस के प्रमुख संजय निरुपम ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि अडाणी ट्रांसमिशन द्वारा रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के कर्ज के बोझ से दबे मुंबई के बिजली कारोबार के अधिग्रहण के पीछे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का हाथ है. कंपनी ने निरुपम के इन आरोपों को झूठा और आधारहीन बताया है.

**कई झूठे और आधारहीन आरोप लगाए**

कंपनी की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि निरुपम ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एकीकृत मुंबई बिजली कारोबार की अडाणी ट्रांसमिशन को बिक्री के प्रस्ताव को लेकर कई झूठे और आधारहीन आरोप लगाए हैं और इसे सरकार द्वारा फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद से जोड़ा है. रिलायंस ने निरुपम से अपने आरोपों को वापस लेने और नोटिस मिलने के 72 घंटे में माफी मांगने के लिए कहा है.

## बिकने वाली है फ्लिपकार्ट, इन कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

नई दिल्ली। ई-कौमर्स सेगमेंट में भारत की सबसे बड़ी औनलाइन शौपिंग कंपनी फ्लिपकार्ट बिक सकती है. कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही फ्लिपकार्ट को खरीदने के लिए दो बड़ी कंपनियों ने औफर करने का मन भी बना लिया है. एक खबर के मुताबिक, फ्लिपकार्ट को खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी अमेजोन ने दिलचस्पी दिखाई है. अमेजोन जल्द ही इसके लिए औफर कर सकती है. उधर, दुनिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी वौलमार्ट भी इस रेस में नजर आ रहा है.

**बड़ी हिस्सेदारी खरीदना चाहती है वौलमार्ट**


फ्लिपकार्ट को खरीदने में जहां अमेजोन औफर करने का मन बना रही है. वहीं, वौलमार्ट कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी खरीदना चाहती है. सूत्रों की माने तो वौलमार्ट 40 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए फ्लिपकार्ट से बातचीत कर रही है.

## ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेज बैंक कर रहे हैं कमाई

नई दिल्ली। एसएमएस अलर्ट भेजने के लिए बैंक जो चार्जेज वसूलते हैं, उससे ग्राहक की जेब पर तो ज्यादा असर नहीं पड़ता, लेकिन कई बैंकों के लिए यह बेहद फायदे का सौदा है। खासकर वहां जहां ग्राहक काफी कम लेन-देन करते हैं। हालांकि, बैंकों की तरफ से वसूले जाए जाने वाले ये चार्ज आरबीआई के निर्देशों के खिलाफ हैं।

# पीएनबी घोटाला: 12000 रुपए की सैलरी पाने वालों ने मेहुल चौकसी को दिलाया 2500 करोड़ का कर्ज

नई दिल्ली। गीतांजलि ज्वैलर्स को 2500 करोड़ का कर्ज देने वाले कंपनी के शीर्ष 3 निदेशक जो कि हीरा कारोबार से जुड़े थे, के महीने की आय 12000 से 15000 रुपए थी. पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 13,400 करोड़ के घोटाले की जांच कर रही एजेंसी ने यह बात कही है. सूत्रों ने कहा कि ये निदेशक तीन परिचालन ऋणदाता कंपनी... एशियन इम्पेक्स, प्रीमियर इंटरट्रेड और आईरिस मेरकैंटाइल... के लिए




काम करते थे. ये तीनों ही मुखौटा कंपनियां थीं जो कि 1 प्रतिशत के चार्ज पर गीतांजलि ज्वैलर्स के चेक को कैश कराने का काम करती थी.

एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार सीबीआई समेत कई एजेंसियां नीरव मोदी और गीतांजलि जेम्स के प्रवर्तक मेहुल चौकसी द्वारा पीएनबी के साथ की गयी 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जांच कर रही हैं.

मुखौटा कंपनियां (शेल कंपनी) सिर्फ कागजों पर होती हैं और चेक को भुनाने का काम करती है. इन शेल कंपनियों का कोई विशुद्ध बिजनेस (कामकाज) नहीं होता और यह दूसरी कंपनियों के लिए फर्जी बिल की सर्विस मुहैया कराते हैं. इसके बाद फर्जी बिलों की अदायगी के लिए मुखौटा कंपनियों के नाम पर कोई कंपनी जैसे एबीसी चेक जारी करती है. मुखौटा कंपनियां इन चेकों को अपने बैंक खाते में जमा करती है और इसी पैसे को कैश (नगद) या चेक के जरिए एबीसी द्वारा नियंत्रित दूसरी मुखौटा कंपनी को आमतौर एक प्रतिशत की रकम लेकर सौंप देती है.

## जियो अपने ग्राहकों के लिए लाया एक खास सुविधा, जीत सकेंगे इनाम

मुंबई (आरएनएस)। रिलायंस जियो ने अपने प्रशंसकों के लिए लाइव मोबाइल गेम जियो क्रिकेट प्ले अलॉन्ग की शुरुआत की है जिसके माध्यम से प्रशंसक इनाम जीत सकते हैं। इसके साथ जियो सात अप्रैल को अपने माई जियो एप पर धन धना धन लाइव कार्यक्रम की भी शुरुआत करेगा। यह इंडियन प्रीमियर लीग को कॉमेडी शो के साथ जोड़ेगा। यह शो माई जियो एप पर एक्सक्लूसिवली दिखाया जाएगा। शो जियो और गैर जियो दोनों तरह के उपभोक्तताओं के लिए निःशुल्क रहेगा।

मशहूर कॉमेडियन सुनील ग्रोवर और खेल एंकर समीर कोचर शो को होस्ट करेंगे।

## अब इशारों से चलेगा आईफोन, नई तकनीक में एप्पल ला रहा ये खास फीचर

नई दिल्ली (आरएनएस)। इस बार एप्पल अपने ग्राहकों के लिए एक खास तोहफा लाने की तैयारी में है। ऐपल अब भविष्य के आईफोन को टचलेस जेस्चर कंट्रोल और कर्व्ड स्क्रीन के साथ लाने पर काम कर रही है। सूत्र के अनुसार नए कंट्रोल फीचर के जरिए आईफोन यूजर्स अपनी डिवाइस को अपनी उंगलियों से स्क्रीन को टैप करे बिना ही ऑपरेट कर पाएंगे।




उंगलियों के स्क्रीन के पास आने से टास्क परफॉर्म हो जाएगा। अगर ऐपल इस तकनीक के साथ आगे बढ़ने का फैसला करती है, तो भी अभी यह टेक्नॉलजी अगले दो साल तक ग्राहकों के लिए उपलब्ध नहीं होगी। ऐपल ने कंप्यूटर्स के साथ इंसानी बातचीत के लिए नए तरीके खोजे हैं। को-फाउंडर स्टीव जॉब्स ने 1980 के शुरुआत में माउस को पॉप्युलर बनाया। ऐप्पल के लेटेस्ट आईफोन्स में 3डी टच फीचर दिया गया था जो उंगलियों को अलग-अलग प्रेस करने के हिसाब से रिस्पॉन्स करता है।

## राष्ट्रमंडल खेल: नटराज ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

गोल्ड कोस्ट (आरएनएस)। भारतीय तैराक श्रीहरी नटराज 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे हैं। ओपटस एचेटिक सेंटर में आयोजित इस स्पर्धा में नटराज को हीट-1 में आठ खिलाडियों में पांचवां स्थान मिला। उन्होंने 56.72 सेकेंड का समय निकाला। सभी हीट मिलाकर कुल 16 खिलाड़ी सेमीफाइनल में जाएंगे। इस हीट में पहले स्थान पर इंग्लैंड के इलियट क्लोग रहे जिन्होंने 55.08 का समय निकाला।

## आईसीआईसीआई बैंक पर एसएफआईओ ने कारपोरेट मंत्रालय को संदर्भ नहीं भेजा: सचिव


नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कारपोरेट मामलों के मंत्रालय में सचिव इंजेती श्रीनिवास ने बुधवार को कहा कि आईसीआईसीआई बैंक और वीडियोकॉन समूह के मामले में गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) की ओर से मंत्रालय को कोई संदर्भ नहीं मिला है। उद्योग संगठन सीआईआई की ओर से ऋण शोधन समाधान पर करवाए गए एक सम्मेलन के मौके पर श्रीनिवास ने कहा कि यह एसएफआईओ के अधिकार के तहत आता है, और उसे मसले का उल्लेख करना चाहिए।



उन्होंने कहा, अगर एसएफआईओ मसले का संदर्भ मंत्रालय को भेजना जरूरी समझता है तो यह उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय को ऐसा कोई संदर्भ नहीं मिला है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आयकर विभाग ने आईसीआईसीआई बैंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर के पति दीपक कोचर को वीडियोकॉन बैंक ऋण मामले में चल रही कर चोरी की जांच के सिलसिले में नोटिस भेजा है।

# फेसबुक का खुलासा- 8 करोड़ 70 लाख यूजर्स का डाटा कैंब्रिज एनालिटिका ने किया गलत इस्तेमाल

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने स्वीकार किया कि ब्रिटिश राजनीतिक कंसल्टेंसी कंपनी कैंब्रिज एनालिटिका ने आठ करोड़ 70 लाख से अधिक फेसबुक उपयोगकर्ताओं के निजी डाटा का गलत इस्तेमाल किया। फेसबुक के मुख्य



प्रौद्योगिकी अधिकारी माइक स्क्रोफर ने विभिन्न मीडिया समूहों की ओर से किये जा रहे दावे से अधिक इस संख्या की जानकारी अपने कॉर्पोरेट ब्लॉग पोस्ट पर देते हुए माना कि आठ करोड़ 70 लाख लोगों की जानकारियाँ कैम्ब्रिज एनालिटिका के साथ ग़लत तरीके से साझा की गयी। उन्होंने बताया कि कंपनी उपयोगकर्ताओं के निजी डाटा पर अधिक नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठा रही है। कंपनी तीसरे पक्ष के एप डेवलपर्स के लिए उपलब्ध व्यक्तिगत डाटा को भी प्रतिबंधित कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त आठ करोड़ 70 लाख उपयोगकर्ताओं में से अधिकांश अमेरिका के हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी और ब्रिटिश मीडिया ने गत माह दावा किया था कि ब्रिटिश कंसल्टेंसी कंपनी कैंब्रिज एनालिटिका ने पांच करोड़ फेसबुक उपयोगकर्ताओं के डाटा का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में गलत इस्तेमाल किया था। फेसबुक ने करोड़ों उपयोगकर्ताओं के डाटा लीक होने के खुलासे के बाद उनके निजी डाटा पर अधिक नियंत्रण देने के लिए मार्च के आखिरी में बड़े बदलावों की घोषणा की थी।

## पैसेंजर वीइकल मार्केट में तीसरे नंबर पर टाटा मोटर्स की नजर




मुंबई (आरएनएस)। घरेलू कंपनी टाटा मोटर्स ने फाइनैंशल इयर 2018 में इंडियन पैसेंजर वीइकल मार्केट में होंडा कार्स को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल कर लिया है। टाटा मोटर्स को अपनी छोटी कार टिएगो से बड़ा फायदा मिला है जिसकी बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

नई एसयूवी नेक्सन की मजबूत डिमांड और टिएगो हैचबैक की अच्छी बिक्री से टाटा मोटर्स को बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है। टाटा मोटर्स ने 2017-18 वित्त वर्ष के दौरान 1.87 लाख कारों की बिक्री की। इस दौरान कंपनी की बिक्री में 22त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं होंडा कार्स इंडिया ने आठ फीसदी की सुस्त ग्रोथ के साथ 1.7 लाख कारों की बिक्री की।

टाटा मोटर्स को पैसेंजर वीइकल मार्केट में अगले साल भी डबल डिजिट ग्रोथ का अनुमान है। हालांकि उसके लिए अपनी प्रतिस्पर्धी घरेलू कंपनी महिंद्रा ऐंड महिंद्रा को तीसरी पोजिशन से हटाना बड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। पैसेंजर वीइकल मार्केट में महिंद्रा ऐंड महिंद्रा फाइनैंशल इयर 2018 में तीसरे नंबर पर रही थी। इस दौरान कंपनी ने 2.5 लाख कारों की बिक्री की थी, जो टाटा मोटर्स की बिक्री के मुकाबले बहुत ज्यादा है।

# वॉर्नर भी नहीं करेंगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील

सिडनी (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व उप-कप्तान डेविन वॉर्नर ने भी बॉल टेम्परिंग मामले में अपने साथी खिलाडियों, पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट का साथ देते हुए स्वयं पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील न करने का फैसला किया है। वॉर्नर ने गुरुवार दिन में एक ट्वीट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी।



बॉल टेम्परिंग मामले में क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा लगाए गए 12 माह के प्रतिबंध को स्वीकार करते हुए वॉर्नर ने ट्वीट किया, मैं आज क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को यह बता देना चाहता हूं कि मैं पूरी तरह से इस प्रतिबंध को स्वीकार करता हूं। मैं अपने कार्य पर क्षमाप्रार्थी हूं। एक बेहतर इंसान, एक अच्छा साथी खिलाड़ी और आदर्श बनने के लिए मैं कुछ भी करूंगा। वॉर्नर से पहले बुधवार को ट्वीट के जरिए पहले स्मिथ ने और उसके बाद बैनक्रॉफ्ट ने इस मामले में सीए द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया। उन्होंने भी अपील न करने का फैसला किया।

## सेंसेक्स में 400 अंक की उछाल, निफ्टी 10250 से ऊपर निकला

मुंबई (आरएनएस)। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की आशंका कम होने और रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा परिणाम की घोषणा से पहले गुरुवार (5 अप्रैल) को देश के शेयर बाजारों में शुरुआत तेजी के साथ हुई. शुरुआती कारोबार में बंबई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक 400 अंक उछल गया।

## मुझे पूरी तरह से आराम की जरूरत थी और अब मैं वापसी के लिए फिट हूं: विराट कोहली

बेंगलुरु (आरएनएस)। आईपीएल की शुरुआत से पहले एक बार फिर विराट कोहली ने खिलाड़ियों को आराम दिए जाने की बात कही। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका दौरे से वापस लौटने के बाद भारतीय टीम के कप्तान ने लगभग 3 सप्ताह की छुट्टी ली और इस दौरान प्रैक्टिस से दूर रहे। कोहली करीब 10 दिन पहले फिर से नेट्स पर प्रैक्टिस के लिए लौटे। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली + का मानना है कि इस आराम की वजह से वह अब पूरी तरह से फ्रेश हैं और खेल में वापसी के लिए तैयार हो चुके हैं।



कोहली ने कहा, मुझे आराम की सख्त जरूरत थी। मैं दक्षिण अफ्रीका दौरे पर पूरी तैयारी के साथ गया था, लेकिन दौरा खत्म होते-होते मेरा शरीर थकने लगा था। मुझे भी समझ में आ रहा था कि कुछ वक्त के लिए मुझे खेल से दूर रहना होगा और शरीर को आराम देना होगा। हालांकि, तीन हफ्ते तक अपने किट बैग की तरफ नहीं देखना और क्रिकेट से दूर रहना थोड़ा विचित्र अनुभव था।

कोहली ने आरसीबी + और आईपीएल में अपनी तैयारियों को लेकर कहा, भले ही मैं ग्राउंड से दूर था और शारीरिक तौर पर आराम कर रहा था, लेकिन क्रिकेट से दूर नहीं था। क्रिकेट की हर गतिविधि और खासकर भारतीय टीम के प्रदर्शन पर मेरी पैनी नजर थी। मैं शारीरिक तौर पर पूरी तरह से ब्रेक लेना चाहता। अब आराम के बाद मैं पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं।

## किसी बाहरी को यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें क्या करना है

**अफरीदी को सचिन तेंदुलकर का जवाब**



मुंबई (आरएनएस)। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने शाहिद अफरीदी को करारा जवाब दिया है. तेंदुलकर ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि हमारे पास क्षमतावान लोग हैं, जिनके पास देश को अच्छी तरह से चलाने की क्षमता है. हमारे मामलों में किसी भी बाहरी व्यक्ति को यह जानने या बताने की जरूरत नहीं है कि हमें क्या करना है. गौरतलब है कि अफरीदी ने बीते मंगलवार को भारत के खिलाफ कश्मीर और भारतीय सेना को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट किए थे. अफरीदी के ट्वीट पर पूरे देश में आक्रोश देखने को मिल रहा है.